TC- MPBIL02560

साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट भारत
संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक- 103 | उज्जैन, शुक्रवार 30 मई 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

# विकसित कृषि संकल्प अभियान

## भारत के कृषि क्षेत्र को और अधिक आधुनिक बनाने पर पीएम मोदी का जोर

संजय जैन (सह-संपादक) गिद्ध दृष्टि

**संजय जैन,सह-संपादक।** केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इस अभियान के शुभारंभ के मौके पर पीएम मोदी ने भारत के कृषि क्षेत्र को और अधिक आधुनिक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए इस अभियान के तहत हमारे वैज्ञानिकों की टीम लैब टू लैंड अभियान को आगे बढ़ा रही है।

### क्या बोले पीएम मोदी

विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब बाजार बदल रहे हैं, ऐसे में ग्राहकों की प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। इसलिए हमारा प्रयास है कि किसानों और राय सरकारों के साथ मिलकर कृषि प्रणालियों में बदलाव लाया जाए और किसानों के साथ चर्चा की जाए कि भारत की कृषि और अधिक आधुनिक कैसे बने। इसलिए इस अभियान के तहत हमारे वैज्ञानिकों की टीम लैब टू लैंड अभियान को आगे बढ़ा रही है।

इस मौके पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते दशकों में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने कई क्षेत्रों में अछे शोध किए हैं, बेहतर नतीजे दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश के प्रगतिशील किसान भी अपने प्रयोगों से कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए हैं। उन्होंने उत्पादन को बढ़ाया है और सफल प्रयोग किए हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के सफल शोध और प्रगतिशील किसानों के सफल प्रयोगों की जानकारी सभी किसानों तक पहुंचना बहुत जरूरी है। इस दिशा में आप सभी शुरू से ही प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब इसे नए जोश के साथ करने की जरूरत है। विकसित कृषि संकल्प अभियान से आपको इसके लिए भरपूर अवसर मिलेंगे।



### आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है। इसके जरिये किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक तरीके से खेती और सतत विकास की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। इससे किसानों को फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अभियान की शुरुआत ओडिशा से की गई।

### 20 रायों में प्रवास करेंगे कृषि मंत्री

कृषि मंत्री ने इस अभियान की औपचारिक शुरुआत ओडिशा के पुरी से की। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस अभियान के दौरान चौहान 20 रायों में प्रवास करेंगे। केंद्रीय मंत्री अभियान के दौरान 12 जून तक जम्मू, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, असम, मेघालय, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए उनसे सीधा संवाद करेंगे।

### 2170 टीमें देशभर के डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचेंगी

विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान 2170 टीमें देशभर के 700 से अधिक जिलों, 65 हजार गांवों और करीब डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप तथा बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर किया नमन

उज्जैन, । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप तथा बुंदेलखंड केसरी महान योद्धा महाराजा छत्रसाल की जयंती पर मुख्यमंत्री निवास स्थित सभागार में चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ भारती के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर महाराणा प्रताप ने देशभक्ति की मिसाल प्रस्तुत की। स्वाधीनता के लिए उनके द्वारा किया गया संघर्ष, मातृभूमि के लिए स्वाभिमान का उत्कृष्ट उदाहरण है। महाराजा छत्रसाल ने बुंदेलखंड में स्वतंत्रता की अलख जगाई और बाजीराव पेशवा को साथ जोड़कर स्वदेशी ताकतों को मजबूत करने का जो कार्य किया वह उनकी दूरदर्शिता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ भारती की रक्षा के लिए समर्पित मेवाड़ की धरती के अमर नायक महाराणा प्रताप एवं बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल का जीवन सदैव पीढ़ियों को देशभक्ति, स्वाभिमान, त्याग, पराक्रम और बलिदान की अनुपम प्रेरणा देता रहेगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियानफ का द्वय सांसदों ने साबाखेड़ा से किया शुभारंभ

**जिले में अभियान 29 मई से 15 जून तक लगातार चलेगा**

**मंदसौर** / विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ मन्दसौर जिले के ग्राम साबाखेड़ा, विकासखण्ड मन्दसौर से लोक सभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने किया। जिले में अभियान 29 मई से 15 जून तक जिले की 135 पंचायतों में किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत- मन्दसौर अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, जनपद सदस्य श्री बंशीलाल धनगर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, सरपंच श्री परमानंद धनगर प्रशासनिक अधिकारियों में उप संचालक कृषि श्रीमती अनिता धाकड़, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, किसान मौजूद थे। उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, फसल बीमा, इफको तथा एफ.पी.ओ. एवं एन.जी.ओ. के प्रतिनिधियों ने सहभागिता दर्ज कर अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। तकनीकी सत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र एवं उद्यानिकी महाविद्यालय से उपस्थित वैज्ञानिक डॉ. जी.एस. चुण्डावत, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. राजेश आर्वे, डॉ. अनुज बालियान ने खरीफ की मुख्य फसलों, यंत्रीकरण, मिट्टी परीक्षण, कीट व्याधि, ड्रोन, संतुलित उर्वरक, नैनो उर्वरक, नरवाई प्रबंधन, फूलों की खेती आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर कृषकों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ग्राम संजीत में 1 करोड़ 59 लाख की लागत आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमि पूजन किया

**मंदसौर** / उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम संजीत में 1 करोड़ 59 लाख की लागत से निर्मित होने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी पत्रकार मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री एवं सांसद द्वारा सैनिक का सम्मान किया गया।

भूमि पूजन के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि संजीत में बहुत समय से स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल निर्माण की मांग थी। जिसका आज भूमि पूजन किया गया है। डॉ के रहने के लिए आवास, स्वास्थ्य केंद्र के चहुओर बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण से संजीत से लगे हुए जितने भी गांव हैं, उनको बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। एक समय था जब लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने के लिए मल्हारगढ़ या मंदसौर जाना पड़ता था। लेकिन अब उनको संजीत में ही स्वास्थ्य लाभ मिलेगी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख का गारंटी कार्ड प्रदान किया गया है। सरकार ने इलाज का प्रबंध किया है। अब 70 साल से ऊपर वाले व्यक्तियों को अभी आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज होता है । पूरे प्रदेश में विकास की गंगा सरकार ने बहाई है। सड़कों का जाल बिछाया है। सड़क के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। शरीर में जैसे नशे चलती है उससे शरीर अच्छा चलता है, वैसे ही सड़कों के जाल से प्रदेश का विकास, विधानसभा क्षेत्र का विकास चलता है। मध्य प्रदेश के साथ पूरे देश में चहुमुखी विकास हुआ है। कॉलेज और अस्पताल बनाए गए हैं। जिधर देखो उधर सड़के बनाई गई है। सड़कों के क्षेत्र में पूरा कायाकल्प कर दिया गया है। एक समय था जब सड़कों के कारण आने-जाने में बहुत ज्यादा समस्या आती थी। सड़कों के जाल बिछ जाने से अब आवागमन एवं परिवहन बहुत आसान हो गया है। पूरे देश में नदियों को आपस में जोड़ने काम चल रहा है। हिंदुस्तान में कोई व्यक्ति प्यासा नहीं रहेगा। हर घर शुद्ध पानी मिलेगा। चंबल का पानी हर खेत को मिलेगा । पहले दो फसल किसान ले पाते थे, लेकिन अब तीन फसल किसान ले सकेंगे ।



सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि मन में अगर दृढ़ शक्ति हो तो विकास होता है । सीतामऊ में कृषि मेला एवं इन्वेस्टर मीट आयोजित हुआ जहां पर किसानों को कृषि से संबंधित जानकारियां दी गई । खेती करने के नए-नए तरीकों के बारे में बताया गया। बच्चे भी नए रोजगार की तरफ बढ़ रहे हैं । चंबल का पानी अब हर खेत को मिलेगा ।

# प्राचीन तालाब की सफाई कर मनाया महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप कि जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत घटियावली के युवाओ की पहल, प्राचीन तालाब के घाट और शिव मंदिर की साफ सफाई कर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घटियावली के छात्र-छात्राओं गांव के युवाओ ने मिलकर गंदगी के अंबार से सटे पड़े तालाब के प्राचीन घाट से झाड़ियां, कूड़ा-करकट, प्लास्टिक वेस्ट व कांच के टुकड़ों की साफ सफाई कर घाट को स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। एसयूपीडब्ल्यू कैंप के तहत इस तरह का पहला नवाचार किया गया। प्राचीन शिव मंदिर एवं शिव परिवार को स्नान ध्यान करवारकर जलाभिषेक कर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक दिलीप राव के नेतृत्व में गांव के युवाओं और युवतियों ने बढ़ चढ़कर श्रमदान किया गया। अल्पाहार और जलपान की व्यवस्था चामुंडा कैफे द्वारा निःशुल्क की गई।

# अरनीखेड़ा में कलश स्थापना एवं शिव परिवार प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। डूंगला उपखण्ड के गांव अरनीखेड़ा में 26 से 28 मई तक आयोजित तीन दिवसीय श्री चारभुजा नाथ कलश प्रतिष्ठा एवं शिव परिवार नूतन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न हुआ। इसमें आचार्य विश्वनाथ आमेटा, उपाचार्य संजय आमेटा, ब्रह्मा हरिओम शास्त्री, पं प्रकाश व्यास पं कपिल शर्मा ब्राह्मणों ने वैदिक मन्त्र पढ़कर अनुष्ठान सम्पन्न कराया। श्री चारभुजा नाथ की असीम कृपा से एवं श्री चारभुजा नाथ के समस्त भक्तों के सहयोग से यह दिव्य और भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ।



जिसमें प्रथम दिवस शोभा यात्रा अधिवास, द्वितीय दिवस आवाहित देवी देवता पूजन एवं हवन एवं तृतीय दिवस आवाहीत देवी देवता पूजन मूर्तियों के न्यास और बड़ी धूमधाम के साथ श्री चारभुजा के नाथ के भजनों के साथ भक्ति में झूमते हुए सभी भक्तों ने इस प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाया।

# 485वीं जयंती पर महाराणा प्रताप को किया याद

## आज भी महाराणा प्रताप जन-जन के दिलों में अजर-अमर है- विधायक आक्या

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। प्रताप स्पोर्ट्स संस्थान के सचिव योगेन्द्रपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रताप स्पोर्ट्स संस्थान के तत्वाधान में प्रात: स्मरणीय महाराणा प्रताप की 485वीं जन्म जयंती पर प्रताप पार्क चित्तौड़गढ़ स्थित महाराणा प्रताप की अश्वारूढ प्रतिमा पर राजपुत समाज सहित विभिन्न संगठनों व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या की उपस्थिति में केशरिया ध्वज फहराया एवं महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।



विधायक आक्या ने कहा कि महान जननायक महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता व स्वाभिमान की रक्षा की व अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। वे सामाजिक समरसता के प्रतिक थे, इसलिए आज भी वो जन-जन के दिलों में अजर-अमर है। हम सभी को महाराणा प्रताप के आदर्शों से सीख लेनी चाहिये। इसके पश्चात सभी ने शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर प्रताप स्पोर्ट्स संस्थान के संरक्षक अनिरुद्ध सिंह भाटी, अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी, चावण्ड सिंह चुण्डावत, जौहर स्मृति संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिंह शक्तावत, कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिंह भाटी, पूर्व कोषाध्यक्ष नरपत सिंह भाटी, मनोज सोनी, चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति के मुकेश नाहटा, पप्पसा टांक, पारस टेलर, हर्षवर्धन सिंह रूद, भूपाल शिक्षा समिति के एमडी लाल सिंह भाटी, भंवर सिंह नेतावल गढपाछली, राधेश्याम आमेरिया, मीरा स्मृति संस्थान के पूर्व अध्यक्ष जगदीश समदानी, शिव सेना अध्यक्ष गोपाल वैद्य, वरिष्ठ नागरिक मंच के ओमप्रकाश आमेरिया, गोपाल सिंह भाटियों का खेडा, शंकर सिंह सालरिया, गोविन्द सिंह चैहान, भूपेन्द्र सिंह डगला का खेडा, कान सिंह सुवावा, पृथ्वी सिंह हाड़ा, योगेन्द्र सिंह मखनपुरा, शिव सिंह झालरा, कमलेश गुर्जर, नाहर सिंह, रूप सिंह दुर्ग, करण सिंह राठौड, विजय माली, विरेन्द्र सिंह चैहान, दलपत सिंह चुण्डावत, उदय सिंह चैहान, बसन्त सिंह चैहान, सोमेश त्यागी, नारायण सिंह चुण्डावत, विवेकभान सिंह, विक्रम सिंह राठौड़, रामनरेश डाड, मुकेश श्रीवास्तव, सम्पत लाल न्याति, चन्द्रप्रकाश खटोड, जगदीश खटीक, दिनेश पुरोहित, मनोहर लाल मेहता, श्याम लाल गिल सहित विभिन्न संगठनों, संस्थाओं व सर्वसमाज के प्रबुद्धजन उपस्थिति रहे।

# नगर परिषद का साधारण सम्मेलन हुआ संपन्न, 15 बिंदुओं पर लिया गया निर्णय

मुंदी शाहरुख मंसुरी मुंदी नगर परिषद का साधारण सम्मेलन बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला राठौर की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष पार्षदों व सीएमओ संजय जैन की उपस्थिति में नगर परिषद सभा कक्ष में संपन्न हुआ। बैठक में 15 बिंदुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इन बिंदुओं पर लिया गया निर्णय

प्राप्त नामांतरण प्रकरणों की स्वीकृति म,प्र, तीर्थस्थान एवं मेलेप्राधिकरण द्वारा संत बुखार दास बाबा एवं संत गुलाबदास बाबा मेले वर्ष 2024 की अनुदान राशि प्राप्त ना होने पर लंबित देयकों का भुगतान किये जाने की स्वीकृति।

म,प्र, तीर्थस्थल एवं मेला प्राधिकरण द्वारा संत बुखार बाबा एवं संत गुलाब दास बाबा मेला वर्ष 2025 की अनुदान राशि मांग से कम प्राप्त होने पर लंबित देयकों का भुगतान किए जाने की स्वीकृति।

वार्ड 4 में स्थित स्लॉटर हाउस की दुकान क्रमांक 5 हेतु आमीन कुरैशी द्वारा नीलामी राशि जमा नहीं करने पर की स्वीकृति।



वित्त, वर्ष 2025-26 हेतु जलप्रदाय शाखा अंतर्गत समय-समय पर लगने वाली आवश्यक सामग्री क्रय किए जाने के लिए जारी वार्षिक पून- निविदा में प्राप्त दरों की स्वीकृति। वित्त वर्ष 2025-26 हेतु विधुत शाखा अंतर्गत समय-समय पर लगने वाली आवश्यक सामग्री क्रय किए जाने के लिए वार्षिक निविदा में न्यूनतम दर प्रस्तुतकर्ता फर्म महालक्ष्मी एजेंसी भोपाल द्वारा सामग्री उपलब्ध नहीं कराए जाने संबंधित पत्र प्रस्तुत करने की उपस्थिति में रू2 प्रस्तुतकर्ता फ्रम की प्राप्त दरों की स्वीकृति। एक नग नवीन ट्रैक्टर वाहन खरीदने की स्वीकृति। वित्त वर्ष 2025-26 हेतु फ्लेक्स होर्डिंग बैनर आदि कार्य हेतु जारी निविदा में प्राप्त दरों की स्वीकृति। कार्यालय भवन में अतिरिक्त कक्षा का निर्माण कार्य कराए जाने हेतु जारी निविदा में प्राप्त दरों की स्वीकृति, अशोक शर्मा की दुकान की बाजू से दो नवीन दुकानों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। शासकीय अस्पताल परिसर के पास निर्मित हॉकर्स जॉन में तीन से निर्माण कार्य करने पर स्वीकृति वार्ड क्रमांक 12 में राजीव कांगो के खेत के सामने सीसिनाली निर्माण कराए जाने पर स्वीकृति। विनियमित कर्मचारी ग्यारसी लाल पिता मांगीलाल देवलिया द्वारा प्रस्तुत आवेदन में अध्रद वार्षिकी आयु पूर्ण होने पर प्रदा किए जाने वाले लाभ की स्वीकृति। इन विषयों की स्वीकृति के अलावा पीआईसी बैठक में पारित निर्णय की पुष्टि की गई।

# महेश नवमी पर महिला व पुरुष क्रिकेट एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता सम्पन्न

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस महेश नवमी पर आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिवसीय महेश नवमी महोत्सव-2025 के चौथे दिन माहेश्वरी पुरुष लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ एवं महिला लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। महोत्सव संयोजक शैलेन्द्र झंवर ने बताया कि पुरुष लीग प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम अजमेरा, अंकुर अजमेरा थे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राकेश मंत्री ने की। विशिष्ठ अतिथि अशोक कलंत्री, शंभूलाल सोमानी, महेश काखानी, अरविन्द तोषनीवाल, महेश डागा, राजकुमार जैथलिया, मनोहर तोषनीवाल, पुष्कर मालू, अशोक काबरा, ललित लड्डा, नरोत्त्म हेड़ा, धर्मप्रकाश गदिया, दशरथ काबरा, कैलाश तोतला, नरेश न्याति, कमलेश जैथलिया, कुंतल तोषनीवाल, रितु सोडानी ने भगवान महेश की तस्वीर पर दीप प्रज्जलन, माल्यार्पण एवं मौली बन्धन खोलकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। सहसंयोजक अशोक कलंत्री ने बताया कि इसी क्रम में माहेश्वरी महिला प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बुधवार देर रात्रि को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्यारी बाई, रूपल अजमेरा थी। प्रतियोगिता प्रभारी डिम्पल बिड़ला ने बताया कि इस अवसर पर राकेश मंत्री, अंकुर अजमेरा, जमना लाल डाड , महिला संगठन जिलाध्यक्ष कृष्णा समदानी सहित अनिल ईनाणी, सुनील मालीवाल, राजेन्द्र नामधराणी, सुनिल गदिया, दिनेश हेडा , राजेंद्र भंडारी पंकज भंडारी, श्याम भंडारी, महावीर काबरा, राहुल बल्दवा, पवन बिड़ला, अखिलेश पूँगलियाँ, अनुपम रांधड़, अनिल ईनाणी गोपाल समदानी ने विजेताओं को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह व वूमेन ऑफ दी मैच पुरस्कार वितरित किये। कार्यक्रम में डिम्पल बिड़ला, मंजु तोषनीवाल, सीए दीपक बसेर, शिखा आकाल, सीमा काबरा, चेतना नामधराणी का विशेष सहयोग रहा। गुरुवार प्रातः माहेश्वरी बैडमिन्टन प्रतियोगिता का शुभारम्भ उद्योगपति कैप्टन एसके ईनाणी द्वारा किया गया।



# शहर कांग्रेस के तत्वावधान में हिंदुआ सूरज के जयघोष के साथ मनाई महाराणा प्रताप की जयंती



शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ शहर कांग्रेस के तत्वावधान में पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में कलेक्ट्रेट निवास के सामने शहीद स्मारक पर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर मालाएं अर्पित कर उन्हें याद किया गया। सभी ने महाराणा प्रताप जिंदाबाद, महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाकर महाराणा प्रताप के पदचिह्नों पर चलने का प्रण लिया।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया की इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्हें विशेष रूप से राजस्थान में और पूरे भारतवर्ष में शौर्य, साहस और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। मुगल साम्राज्य के विस्तार के विरुद्ध उनके प्रबल प्रतिरोध ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया है। हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होंने जो वीरता दिखाई, वह आज भी राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। यह जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके आदर्शों, विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर में दिए गए अमूल्य योगदान का सम्मान भी है। वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, मंडल अध्यक्ष रमेशनाथ योगी, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा , जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, जिला सचिव नरेंद्र विजयवर्गीय, शंकर सेन, राकेश घारू, देवीलाल धाकड़, गजानंद शर्मा, पार्षद रामगोपाल लोहार, कमल गुर्जर, टिंकू धामानी, शैलेंद्र सिंह शक्तावत, शहर महामंत्री शंभूलाल प्रजापत, शहर सचिव मनीष चांवला, प्रदीप पुरोहित, कौशल बैरवा, युवक विधानसभा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह चौहान, प्रवीण मेनारिया, नारायण नाथ, देवीलाल गुर्जर, मुकेश गुर्जर, श्रीलाल गुर्जर, जगपाल सिंह, गणपत सिंह, नारायणलाल धाकड़, तेज सिंह भाटी, भंवरलाल रायका, रामस्वरूप रायका, सुनील गाडरी, गोपाल मोड़ जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मौजूद रहे।

# जिला सेन समाज मंदसौर माह नवम्बर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतू महत्वपूर्ण योजना बैठक



**डेस्क** मल्हारगढ़- आत्मीय समाज बन्धुवर,सामाजिक विकास, सामाजिक एकता अक्षुण बनाये रखने एवं फिजूलखर्ची को कम करने के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार दीपोत्सव के पश्चात दीपावली मिलन कार्यक्रम के रूप में जिला सेन समाज मंदसौर द्वारा माह नवम्बर 2025 में मंदसौर में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इसी एक दिवसीय कार्यक्रम में 10ह्वद्ध, 12ह्वद्ध एवं ऊपर की कक्षाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खेल आदि गतिविधियों में विशेष सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों का सम्मान भी किया जायेगा।

बैठक में उक्त महत्वपूर्ण विषय के साथ हरियाली महोत्सव के लिए स्थान एवं सदस्यता अभियान जिला कोष के लिए थाली घुमाकर अथवा अन्य माध्यम से सहयोग प्राप्त करना आदि विषयों पर भी चर्चा कर योजना बनाई जाएगी।

अत: आपसे इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से पधारकर अपने अमूल्य सुझाव , सहयोग प्रदान करने का विनम्र आग्रह है।

योजना बैठक

दिनांक -10 जून 2025 मंगलवार

समय -प्रात: 10:30बजे से

स्थान -बंजारी बालाजी मंदिर (अरनिया से अंदर)सीतामऊ रोड़ मंदसौर (म प्र)

विनम्र आग्रह -बैठक के पश्चात् सभी समाजजन से आग्रह है भोजन ग्रहण कर ही प्रस्थान करे।

* निवेदक -जिला सेन समाज संगठन, युवा संगठन मंदसौर

# राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल का दौरा पूरी तरह फ्लॉपः पूर्व मंत्री जाड़ावत

## महज 3500 लोगो की मौजूदगी तक सिमट कर रह गया कार्यक्रम



शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के चित्तौड़गढ़ के भोपालसागर दौरे को पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत पूरी तरह फ्लॉप बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चित्तौड़गढ़ आगमन को लेकर 15 दिन से तैयारी जोरो शोरो से चल रही थी किंतु अपेक्षाकृत भीड़ नही जुट पाई महज 3500 लोगो की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ जो पूरी तरह से फ्लॉप शो साबित हुआ। सभा में अधिकाधिक लोगों की भीड़ जुटाने सहित लिए भाजपा के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी सहित प्रशासनिक महकमा लगा हुआ था, बीजेपी संगठन भीड़ जुटाने में जुटा था तमाम तरह की व्यवस्था करने पर भी भीड़ नही जुटना जनता में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा माना जा रहा है। जब जब भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चित्तौड़गढ़ जिले को किसी बड़ी सौगात नही दे पाए जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जब भी जिले के दौरे पर आए थे उन्होंने विकास कार्यों के शिलान्यास एवं बड़ी सौगाते देकर जाते थे, आम जनता का सभा में जमावड़ा लगा रहता था किंतु वर्तमान मुख्यमंत्री के दौरे से जिले की जनता को निराशा हाथ लगी। जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही थी, जनता को आशा थी कि दौरे के दौरान सीएम भजनलाल कई बड़े ऐलान भी कर सकते हैं प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थी।


# बैंगनपुरा में नालियों से पुराने टूटे हुए नलो को हटाया, फिर भी आसपास क्षेत्र में गंदा पानी आने की समस्या नही हुई हल, मामला पहुंचा एसडीएम प्रीति संघवी के पास





**नारायण सोमानी जावद- नगर में प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी ने अपने गृह वार्ड नंबर 2 बैंगनपुरा सहित आस पास क्षेत्रों में पाईप लाईन लिकेज से कुछ दिनो से नलो में गंदा, बदबूदार एवं झाग वाला पानी की समस्या को लेकर जावद एसडीएम प्रीति संघवी नाहर, नगर परिषद सीएमओ जगजीवन शर्मा, इंजीनियर बलवंत ठाकुर, जलप्रभारी कोमल सुथार को अवगत कराया था। दो दिनो से जलप्रभारी कोमल सुथार सहित नगर परिषद की जलप्रवाह टीम ने गलियों की नालियो में जो नल के पाईप आ रहे थे उनको उपर किया साथ ही जो परिवारो के नल के पुराने पाईप नाली से सडकर फुट गए है उनको काटकर नए लोहें के पाईप लगाने की कहा। वही गुरूवार को बैंगनपुरा निवासी जननेता नारायण सोमानी ने एसडीएम प्रीति संघवी, सीएमओ जगजीवन शर्मा को फोन पर कहा एसा सब करने के बाउजूद हमारे इधर नलो में गंदा, बदबूदार पानी आ रहा है। जलप्रभारी कोमल सुथार ने कहा आपके इधर नलो का पानी चेक किया है वास्तव में गंदा पानी आ रहा है लेकिन यह केसे आ रहा है वह पता लगा रहे हैं और मात्र दो दिन में पानी की समस्या हल करवा देंगे।**

# राष्ट्र व गुरु गौरव उपकार महोत्सव,राष्ट्र ध्वज तिरंगा और जैन ध्वज के साथ नगर नगर गांव गांव से प्रभात वाहन रैली




जुबेर अहमद धरियावद 9001885006 धरियावद-श्रमण परम्परा को पुन:जीवंत करने वाले अंकलीकर परम्परा जनक आचार्य श्री आदिसागर जी भगवंत के 110 वे आचार्य पदारोहण दिवस व भारतीय सेना के पराक्रम रूपी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर मनाएंगे राष्ट्र गौरव दिवस दिनांक 31 मई 2025 श्रुत पंचमी श्रावको द्वारा गांव-गांव,नगर - नगर वाहनो द्वारा प्रभात फेरी,हाथों में राष्ट्रीय ध्वज व जैन ध्वज साथ में गूंजेगा आचार्य भगवंत श्री आदिसागर जी व भारत माता का जयकारा होगा। गुरु व राष्ट्र गौरव महोत्सव कोकापुर राजस्थान में मंगल सानिध्य संयम भूषण चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनील सागर जी गुरुराज। भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात ईस्वी की 13वी सदी तक दिगंबर जैन महामुनियों की परम्परा अनवरत जयंवत होती रही किंतु उसके बाद भारत में विदेशी आताताइयो के आक्रमण,शासन व दमन से यह परम्परा 13वी सदी से 19वी सदी लगभग 700 वर्षों तक दुर्लभ हो गई। किंतु महाराष्ट्र के अंकली ग्राम में जन्मे विश्व सूर्य रूपी भव्यात्मा ने 20वीं के प्रारंभ में सन 1913 में कुंथलगिरी सिद्धक्षेत्र पर भगवान देशभूषण कुलभूषण जी की साक्षी में जैनेश्वरी दीक्षा लेकर मुनि कुंजर महामुनि श्री आदिसागर के रूप में जग विख्यात हुए और सन 1915 में जयसिंह पूरा में समस्त समाज द्वारा आचार्य पद पर सुशोभित किया गया। सात दिनों में मात्र एक बार आहार ग्रहण करने वाले आचार्य श्री आदिसागर जी गुरुदेव ने अनेक भव्यातमाओं को संयम मार्ग पर आरूढ़ किया जिसमें सन 1943 में 18 भाषाओं के ज्ञाता अत्यंत प्रकांड विद्वान महामुनि तीर्थभक्त शिरोमणि आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी को भगवती जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान कर संलेखना साधना की ओर अग्रसर हो गए। इसी महान परम्परा मे समाधि सम्राट आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी,वात्सलय रत्नाकर आचार्य श्री विमलसागर जी,तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी,गणाधिपति गणधराचार्य श्री कुंथुसागर जी,स्थिवराचार्य श्री संभव सागर जी,प्रवर्तकाचार्य श्री नेमीसागर जी,मर्यादा शिष्योतम आचार्य श्री भरत सागर जी, गणचार्य श्री विराग सागर जी, गणचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी व प्रथम गणिनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी जैसे हजारों श्रमण जयवंत हैं। वर्तमान के हजारों श्रमणों के नायक, उनके अधिष्ठाता परम्पराजनक आचार्य श्री आदिसागर जी अंकलीकर स्वामी के 110 वे आचार्य पदारोहण दिवस पर तथा मां भारती के वीर सपूतों के अदभुद शौर्य रूपी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर आप सभी श्रावक जन अपने-अपने,नगर गांव में प्रात: वाहनों द्वारा हाथों के तिरंगा व जैन ध्वज और मुख कमल पर आचार्य श्री आदिसागर जी व भारत माता के जयघोष के साथ प्रभात फेरी निकालेंगे उसके पश्चात 9 बजे राष्ट्र गौरव चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनीलसागर जी गुरुराज के पावन चरणों में कोकापुर पहुंच कर पंच कल्याणक महोत्सव के साथ इस गुरु गौरव व उपकार दिवस को मनाने में सम्मिलित होकर पुण्य का संचय करेंगे। कार्यक्रम के निवेदक श्री सुनीलसागर युवासंघ है।

# गंगा विजन का नशा मुक्त अभियान, 50 छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई





**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। गंगा विजन द्वारा चित्तौड़गढ़ में विभिन्न संस्थाओं में नशा मुक्त अभियान चलाया जिसमें गुरूवार को सीआईआईटी संस्थान पर 50 छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई। संस्थान संचालक ललित कुमार लौहार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित गंगा विजन द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया हैं। गंगा विजन मुक्ति केंद्र प्रभारी कुलदीप कुमार सेन, नर्सिंग कर्मचारी सुरेंद्र कुमार यादव, नितिन शर्मा ने बताया कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। नशा एक पारिवारिक बीमारी है। एक व्यक्ति की नशे की लत पूरे परिवार को प्रभावित कर सकती है। नशे के कारण व्यक्ति खुद के अलावा उसके परिवार के सभी लोगों को प्रभावित करता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि नशे का इलाज संभव है इसमें नशा मुक्ति की अहम भूमिका है नशे की लत व्यक्ति के अपने जीवन को खराब करती है, और उसके आस-पास के लोगों के जीवन को भी काफी हद तक प्रभावित करती हैं।**

# वाइन शॉप पर एमआरपी से ज्यादा वसूली का आरोप, उपभोक्ता ने भेजा कानूनी नोटिस, मांगा 5 लाख हर्जाना

ब्यूरो चीफ राकेश सिंह
8226096301

बैतूल। शहर के कोठीबाजार स्थित बस स्टैंड वाइन शॉप पर एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने को लेकर एक उपभोक्ता ने कानूनी नोटिस भेजा है। इस मामले में नोटिसकर्ता सुनील पलेरिया ने अधिवक्ता दर्शन बुंदेले के माध्यम से यह नोटिस प्रोपराइटर वैष्णवी ट्रेडर्स, कोठीबाजार वाइन शॉप के नाम भेजा है।



नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 25 मई 2025 को सुनील पलेरिया द्वारा कोठीबाजार स्थित बस स्टैंड वाइन शॉप से किंग फिशर बीयर की एक बोतल एवं बड वाइजर मैग्नम ब्रांड की दो बीयर बोतलें खरीदी गई थीं। इन बीयर बोतलों की वास्तविक एमआरपी किंग फिशर 199 रुपये तथा बड वाइजर 295-295 रुपये थी। कुल एमआरपी मूल्य 789 रुपये बनता था, लेकिन दुकानदार ने 250 रुपये किंग फिशर और 350-350 रुपये बड वाइजर की दर से कुल 950 रुपये वसूले। इस तरह 161 रुपये एमआरपी से अधिक वसूली की गई।

नोटिसकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने दुकान के कर्मचारियों से अधिक कीमत वसूलने का कारण पूछा तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कहा गया कि बीयर एमआरपी से अधिक दाम में ही बेची जाएगी। इसके बाद भी उन्होंने दुकान के कहे अनुसार गूगल पे नंबर 9425002936 से 950 रुपये का भुगतान किया, लेकिन इसके बदले में बिल की मांग करने पर उन्हें बिल देने से मना कर दिया गया और पुन: अशोभनीय व्यवहार किया गया।

इस पूरे प्रकरण को लेकर अधिवक्ता दर्शन बुंदेले द्वारा भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि यह कृत्य उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है और एमआरपी से अधिक दर पर वस्तु बेचना अपराध की श्रेणी में आता है। इस अवैध वसूली और अभद्रता के चलते नोटिसकर्ता को मानसिक व आर्थिक क्षति हुई है। नोटिस में मांग की गई है कि 15 दिनों के भीतर वाइन शॉप संचालक द्वारा मानसिक और आर्थिक क्षतिपूर्ति स्वरूप 5 लाख रुपये का भुगतान किया जाए, अन्यथा उपभोक्ता फोरम बैतूल में दावा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तरकर्ता की होगी। इसके साथ ही सूचना पत्र का व्यय 5000 रुपये अतिरिक्त देय बताया गया है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर राठौर समाज ने किया शौर्य यात्रा का भव्य स्वागत



उज्जैन - वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के लिए अद्वितीय बलिदान की प्रतीक महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा उज्जैन में निकाली गई शौर्य यात्रा का राठौर समाज ट्रस्ट, उज्जैन द्वारा मालीपुरा क्षेत्र में ऐतिहासिक, भव्य एवं सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

शौर्य यात्रा के स्वागत हेतु एक सुसज्जित मंच की स्थापना की गई, जहाँ आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक राजपूताना रीति से पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयकारों के साथ हृदयपूर्वक अभिनंदन किया गया। माहौल में जोश, गौरव और मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के ख्यातिप्राप्त अधिवक्ता ए.पी. सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल सिंह चंदेल, हरदयासिंह ठाकुर तथा प्रदेश अध्यक्ष आनंद खींची विशेष रूप से उपस्थित रहे। राठौर समाज ने अपने गौरवशाली पूर्वज महाराणा प्रताप के आदर्शों को स्मरण करते हुए समस्त अतिथियों का गरिमामय स्वागत कर सामाजिक एकता और अपने सांस्कृतिक मूल्यों का अनुपम परिचय दिया।

इस अवसर पर राठौर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी तेजकुमार राठौर, ट्रस्ट संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, पत्रकार गोपाल राठौर, विजय राठौर (पीएचई), युवा संगठन अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, संतोष राठौर (पापड़), दिनेश सोलंकी, पुरुषोत्तम पटेल, निलेश राठौर, अर्जुन परिहार, सुभाष डोडिया, प्रमोद डोडिया, अशोक राठौर, महेश सैनिक, अर्पण राठौर, पूर्व पार्षद राजेन्द्र राठौर, राजेश राठौर, नरेंद्र राठौर, समीर कश्यप सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राठौर समाज की एकजुटता, समर्पण और संस्कृति के प्रति आस्था ने इस अवसर को ऐतिहासिक बना दिया।

# भाजपा नगर मण्डल द्वारा महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा का किया स्वागत

**जुबेर अहमद 9001885006**

**धरियावद-भाजपा धरियावद नगर मंडल द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में श्री मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान धरियावद द्वारा आयोजित शोभायात्रा का सुभाष पार्क पर पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रेखा चौधरी,विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरिसिंह कोठारी , मुंगाना पारसोला मंडल अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष**



**बाबूलाल विजयवर्गीय,मंडल महामंत्री रमेश कोठारी,मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश दोषी,युवा मोर्चा जिला मंत्री अमित दोषी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरगोविंद चौधरी,एसटी मोर्चा रामलाल मीणा लिमडीखेड़ा,राजमल पालीवाल,हसमुख पालीवाल, दिलीप चौधर,प्रेमदास बैरागी, रमेश मेहता,आदित्य कोठारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# महाराणा प्रताप जयंती पर मुस्लिम महासंघ उदयपुर ने शोभायात्रा का किया इस्तकबाल

**जुबेर अहमद धरियावद 900885006** धरियावद-मुस्लिम महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद दानिश अली ने बताया कि महाराणा प्रताप की 485वी जयंती पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा का मुस्लिम महासंघ ने हाथीपोल पर इस्तक़बाल किया। संस्थापक अध्यक्ष हाज़ी मोहम्मद बक्ष ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती हर्षल्लास के साथ मनाई गयी। प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद हनीफ ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सभी धर्मों व जातियों को साथ लेकर मेवाड़ की रक्षा की। उसी तरह हम सब को मिलकर देश की रक्षा करनी है। प्रदेश महासचिव हिदायतुल्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप से सिखना चाहिए ज़ब तक हम सब मिलकर कोई काम नही करेंगे सफलता मुश्किल है। सभी को आपसी सौहार्द क़ायम रखना यही हमारे मेवाड़ की संस्कृति है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद बक्ष,प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद हनीफ़ खान,





मोईनुद्दीन,मुजजीबुद्दीन खान, गुलाम नबी,बुलबुल भाई, इब्राहीम खेरादी,मुहम्मद आज़म, असलम हुसैन सहित मौजूद रहे।

## पिकअप वाहन में भरा 102 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व पायलेटिंग करती आल्टो कार सहित 04 आरोपीयों को पकडने में पुलिस चौकी नयागॉव थाना जावद को मिली सफलता

**राजू पटेल नीमच- मुख्यमंत्री के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अंकित जायसवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं अअपु जावद सुश्री निकिता सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड की टीम के द्वारा कुल 102 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व महिन्द्रा पिकअप वाहन क्र. आर.जे.-09-जीडी-3610 व पायलेटिंग करती अल्टो कार क्र. आर.जे.-45-सीएन-7027 सहित 04 आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है।**

**दिनांक 28.05.2025 व 29.05.2025 की दरमियानी रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु रेल्वे फाटक निम्बाहेडा-नीमच हाईवे फोरलेन नयागॉव पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान एक मारूति कम्पनी अल्टो कार**



**क्र. आर.जे.-45-सीएन-7027 नीमच तरफ से आई जो पुलिस की नाकाबंदी देखकर हाईवे फोरलेन पर तेजगति से भगाने का प्रयास करने लगा जिसको हमराह फोर्स की मदद से रोका और चालक व साईड में बैठे व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया इतने में नीमच तरफ से महिन्द्रा कम्पनी की पिकअप वाहन क्र. आर.जे.-09-जीडी-3610 आती दिखी जिसका चालक पुलिस की नाकाबंदी देखकर व पायलेटिंग वाली कार को खडा देखकर अपनी पिकअप को तेजगति से भगाने का प्रयास करने लगा जिसको हमराह फोर्स की मदद से रोका और चालक व पास में बैठे उसके साथी को अभिरक्षा में लेकर उक्त संदिग्ध पिकअप की तलाशी ली गई जिसमें 102 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त किया गया तथा पायलेटिंग कर रहे मारूति कंपनी की अल्टो कार के चालक रोशन पिता देवानाथ उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सदापुरा थाना गंगरार जिला चित्तौडगढ राज0 व उसके साथी मुकेश पिता शंभुनाथ उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बडला थाना बडलियास जिला भीलवाडा राज0 तथा पिकअप चालक कमलेश पिता कालू नायक उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दादिया थाना गंगरार जिला चित्तौडगढ व उसके साथी प्रकाश पिता कालूलाल माली उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सदापुरा थाना गंगरार जिला चित्तौडगढ राज0 को मौके से गिरफ्तार कर गिरफ्तार शुदा आरोपीयों के विरूद्ध धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है प्रकरण में अनुसंधान जारी है ।**

**सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम नयागॉव का सराहनीय योगदान रहा।**

# 51 किलो फूलों की माला पहनाकर पद्मश्री जोशीला का किया सम्मान

### शहर आगमन को लेकर साहित्यिक, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों में दिखा उत्साह



**राजू सोनी -9977226352**

खरगोन=पद्मश्री से सम्मानित होने के बाद साहित्य व लोक संस्कृति की प्रतिष्ठित हस्ती जगदीश जोशीला पहली बार शुक्रवार शाम नगर पहुंचे। नगर में जोशीला का अखिल निमाड़ लोक परिषद इकाई ने नवग्रह मंदिर व गायत्री मंदिर तिराहे पर आत्मीय स्वागत किया।अनिलोप इकाई संयोजक नीरज ठक्कर ने बताया 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर पद्मश्री जोशीला का स्वागत किया गया। उनके स्वागत को लेकर एक दिन पहले से तैयारियां शुरू हो चुकी थी। साहित्यिक संस्थाओं के अलावा सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी स्वागत मंच लगाए। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। नगर के बावड़ी बस स्टैंड पर श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला पत्रकार संघ, सर्किट हाउस के पास औदीच्य ब्राह्मण समाज, गायत्री मंदिर के पास नपा अध्यक्ष छाया जोशी के नेतृत्व में नगर पालिका खरगोन व सनावद रोड पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत हुआ। दीपक सोनी मित्रमंडल, डॉ मलिक परिवार,मप्र लेखक संघ इकाई, अखिल भारतीय साहित्य परिषद व जिला पत्र लेखक परिषद ने भी जोशीला का स्वागत किया।

**यहां भी हुआ स्वागत** एलआईसी ऑफिस के सामने कुबेर जोशी मित्रमंडल और जैतापुर क्षेत्र में जन सेवा सहकारी साख संस्था की ओर से अमित कौशल, उज्वल अत्रे, देवेंद्र सिंह जादौन,गोकुल कुशवाह, संजय ठक्कर सहित कई गणमान्यजनों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में मप्र लेखक संघ अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन बार्चे, साहित्यकार राजकुमार अत्रे,राकेश गीते रागी,आरती डोंगरे, पुष्पा पटेल सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर जनकल्याणी पर्व में उत्साह की लहर

### बावनगजा की पवित्र भूमि पर बच्चों के साथ बड़वानी पुलिस की सौहार्दपूर्ण पहल

### बच्चों के सपनों को पंख दे रहा है बड़वानी पुलिस का सृजन अभियान





**राजेश नाहर 9479973888**
**बड़वानी** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में 29 से 31 मई तक जनकल्याणी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़वानी पुलिस द्वारा समाज के भविष्य – बच्चों और किशोरों – को समर्पित सृजन अभियान और समर कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत आज 250 से अधिक बच्चों को प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बावनगजा का शैक्षणिक व प्रेरणादायक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ दोपहर का भोजन भी साझा किया।

बच्चों ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई, जिससे वातावरण उल्लासमय हो उठा। सृजन अभियान के 18 दिवसीय कार्यक्रम में जीवन कौशल शिक्षा, शारीरिक व्यायाम, सामाजिक व्यवहार तथा सशक्तिकरण प्रशिक्षण जैसे विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान रेहगुन, छपरी पंचायत और बड़वानी शहरी क्षेत्र के बच्चों को एक साथ जोड़ते हुए सामाजिक समरसता की मिसाल बन रहा है। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाएं – आस, जाना और ममता – पुलिस विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

उक्त कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक महेश सुनैया एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान डीएसपी अजाक जितेंद्रसिंह भास्कर रक्षित निरीक्षक चेतन सिंह बघेल थाना प्रभारी बड़वानी दिनेश सिंह कुशवाह सूबेदार उषा सिसोदिया व अलका वास्केल समाजसेवी संजय आर्य, रविंद्र खांडेकर, शैलेश बैरागी उपस्थि रहें।

# रतलाम-नागदा रेलखंड को मिलेगी नई रफ्तार,तीसरी और चौथी लाइन से जुड़ेगा विकास का ट्रैक

### मध्य प्रदेश को शीघ्र ही मिलेगी तीन ट्रेनों की सौगात




रतलाम। प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत रतलाम-नागदा रेलखंड की तीसरी और चौथी रेल लाइन को मंजूरी के उपलक्ष्य में वीडियो लिंक के माध्यम से केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की। इस अवसर पर मंच पर उज्जैन-अलोट के सांसद श्री अनिल फिरोजिया उपस्थित थे, जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े। उनके साथ राज्य सरकार के मंत्री श्री चेतन्य कश्यप, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, विधायक श्री मथुरा लाल डामर और विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना मध्य प्रदेश के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए, लगातार नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है। 41 किलोमीटर लंबा रतलाम-नागदा रेल सेक्शन अब तीसरी और चौथी लाइन के साथ चार ट्रैकों वाला बन जाएगा, जिसकी कुल लागत 1,018 करोड़ निर्धारित की गई है। रतलाम जंक्शन देश के उन महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में शामिल है, जहां से उत्तर (नागदा), दक्षिण (वडोदरा), पूर्व (इंदौर) और पश्चिम (चित्तौड़गढ़) की ओर सीधी रेल कनेक्टिविटी है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को पश्चिमी तट के बंदरगाहों से तेज और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना 'जीरो कार्बन' लक्ष्य की दिशा में भी बड़ा कदम है। इससे हर वर्ष लगभग 38 करोड़ किलोग्राम ष्ह्र उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों के बराबर है। 11वें वर्ष तक यह संख्या बढ़कर 16.5 करोड़ पेड़ों के बराबर होगी। साथ ही, 7.5 करोड़ लीटर डीज़ल की बचत भी संभव होगी। इस परियोजना से लगभग 27 लाख मानव-दिवस का रोज़गार भी सृजित होगा। इसके अलावा यह रतलाम क्षेत्र से नागदा थर्मल पावर प्लांट, विस्कोस फाइबर एवं केमिकल प्लांट जैसे औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कृषि उत्पादों, कोयला, कंटेनर और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन में भी गति और कुशलता आएगी। परियोजना से खजुराहो, ग्वालियर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, ओंकारेश्वर, सांची, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, अमरकंटक और भीम जन्मभूमि जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे राज्य के पर्यटन उद्योग को नया बल मिलेगा। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में दिल्ली से डॉ. अंबेडकर नगर के लिए एक नई ट्रेन सेवा शुरू की गई है। इसके साथ ही रीवा-सतना-जबलपुर-पुणे, जबलपुर-रायपुर और ग्वालियर-पुणे-भोपाल-बेंगलुरु के लिए तीन और नई ट्रेन सेवाओं को भी मंजूरी दी जा चुकी है। इनकी समय-सारणी तय हो चुकी है और ये जल्द शुरू की जाएंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक नई सुविधा नहीं है, बल्कि यह विकास के एक नए युग का द्वार है। वास्तव में, आज मध्य प्रदेश का स्वर्णकाल चल रहा है।

## भारत सरकार के संयुक्त सचिव जस्टिस श्री सत्य प्रकाश ने किया गांधी सागर समूह जलप्रदाय योजना के कार्यों का निरीक्षण.

### खिमला में निर्मित इंटकवेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया अवलोकन

नीमच 29 मई 2025 भारत सरकार के संयुक्त सचिव जस्टिस श्री सत्य प्रकाश ने जल निगम के अधिकारियों के साथ गुरुवार को गांधी सागर समूह 2 जलप्रदाय योजना के तहत निर्मित एवं निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। जस्टिस श्री सत्य प्रकाश ने रामपुरा तहसील के खिमला में निर्मित इंटकवेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर कंसलटेंट श्री अनिरुद्ध कुमार जल निगम के महाप्रबंधक एवं डीबीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मां नर्मदा के आशीर्वाद से अब हाटपीपल्या क्षेत्र के नागरिकों की प्यास बुझेगी-मुख्यमंत्री डॉ यादव

हाटपीपल्या में लगभग 60 करोड़ रुपए लागत के 20 कार्यों का भूमिपूजन एवं 130 करोड़ रुपए लागत के 65 कार्यों का लोकार्पण हुआ









**राजेंद्र योगी देवास** देवास, मां नर्मदा के आशीर्वाद से अब हाटपीपल्या क्षेत्र को नागरिकों को पेयजल उपलब्ध होगा, वहीं किसानों को भी सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हाटपीपल्या में विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज हाटपीपल्या में लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में इंदौर, देवास, उज्जैन, शाजापुर जिले का मक्सी, धार का धार एवं बदनावर को मेट्रोपोलियन झोन बनाया गया है, जिससे विकास के नए कीर्तिमान बनेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन नहीं बेचना। मां नर्मदा के माध्यम से क्षेत्र की वर्षों पुरानी प्यास बुझाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का जल शुद्ध है। हमारे यहां केवल मां नर्मदा की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया जाता है। प्रदेश में वर्ष 2003 तक कुल 7लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देंगे। प्रदेश में गेहूं सर्वाधिक पैदावार हुई है। किसानों से हमने 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। किसानों को अधिक से अधिक आमदनी हो इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। जगह-जगह कृषि मेले लगाए जा रहे है। कृषि मेले लगाकर उन्नत बीजों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, वहीं आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग के बारे में प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। किसानों के अनुदान देकर उन्हें आधुनिक खेती की ओर अग्रसर कर उनकी बेहतरी के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। साथ ही प्रदेश सरकार कृषि आधारित उद्योगों में भी लोगों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली, दशहरों पर हर वर्ष मेले लगते है, किंतु किसानों की भलाई के लिए कृषि मेले लगा रहे हैं। माह अक्टूबर में भोपाल में कृषि मेला लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को गाय पालन कर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। गोपालन को प्रोत्साहन देने के लिए 25 से अधिक गाय पालन वाले किसानों को 25 प्रतिशत अनुदान भी देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में शीर्ष पर आएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं के लिए नगर निगमों को 10 हजार पशुओं की क्षमता गोशाला निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे अब सड़कों पर पशुओं का विचरण समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीर्थों का भी विकास किया जा रहा है। इस तारतम्य में विगत दिवस इंदौर में संपन्न हुई केबिनेट बैठक में ओंकारेश्वर तीर्थ के विकास के लिए 2250 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया गया है, वहीं सलकनपुर, दतिया, नलखेड़ा, मैहर आदि 19 धार्मिक नगरों में शराब बंदी की गई है। लोकमाता मां अहिल्या देवी ने नागरिकों के कल्याण के लिए विभिन्न लघु उद्योग स्थापित किए और रोजगार को बढ़ावा दिया, वहीं विधवा के पुनर्विवाह के लिए भी उनके द्वारा काम किया गया। लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर प्रदेश में विधवा विवाह के प्रोत्साहन देने एवं उनके कल्याण के लिए दो लाख रुपए प्रति महिला आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में शुरू की गई राहवीर योजना के बारे में कहा कि सड़कों पर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए अस्पतालों में पहुंचाने पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है और इसे बचाना हमारा काम है प्रदेश में स्वसहायता समूह के माध्यम से बहनों के आर्थिक कल्याण का कार्य भी तेज गति से हो रहा है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनकर उभर रही है। प्रदेश के नागरिकों के सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही सुगम बस सुविधा प्रारंभ की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी सहित देश की जनता को बधाई संदेश देते हुए कहा कि माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वाले पाकिस्तान को अच्छा सबक सिखाया गया है। हमारे देश की सेना मजबूत है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाटपीपल्या के नागरिकों के 31 मई को भोपाल आने का भी आमंत्रण दिया। 31 मइ को भोपाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में सम्मलित होंगे। साथ ही यहीं से वे इंदौर की मेट्रो ट्रेन तथा सतना एवं दतिया में हवाई पट्टी के लोकार्पण के साथ अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

**इस मोके पर स्वागत उद्बोधन स्थानीय विधायक मनोज चौधरी ने दिया।** इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, रायसिंह सेंधव, नगर निगम अध्यक्ष रवि जैन, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, श्री दुर्गेश अग्रवाल, भेरुलाल अटारिया, नंदकिशोर पाटीदार, नारायण चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रकांता अरूण राठौर, मनीष सोलंकी, भरत चौधरी अन्य जनप्रतिनिधिगण, सहित संभागायुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा, डीआईजी , नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ज्योति शर्मा, सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश में भी किन्नरो के आतंक से निपटने के सरकार बनाए कानून

संघर्ष से सिद्धि की खास खबर उज्जैन- प्रदेश में खासकर ट्रेनों में किन्नरों चाहे वह असली हो या नकली अवैध उगाही करते ओर नहीं देने पर मरने मारने पर आमदा हो जाते है एक घटना विदिशा के युवक के साथ घटी ओर उसको मार कर रेल्वे पटरी पर फेंक दिया हालांकि रेलवे पुलिस ने तलाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ओर उसके बाद एक घटना ओर हुई थी उसके लिए भी लोगो ने ज्ञापन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी उसमें भी कार्यवाही हुई है।




हमारे प्रदेश में किन्नरों को पूरा पूरा सम्मान दिया जाता है और कोई भी घर में खुशियां आती है घर आंगन में जब कोई नई किलकारी की गूंज हो या नई बहूं का घर में प्रवेश हो एक परंपरागत रूप से घर में किन्नरों के नवजात शिशु को जन्म दिन की या नवविवाहिता को मंगल बधाई देने का शुभ कार्य हो या घर का मुहूर्त हो हर घर में शुभ माना जाता है।लेकिन बीते कई महीनों से बधाई गाने या बधाई देने के नाम पर अवैध और अनुचित जबरजस्ती रुपए वसूलने का काम कतिपय किन्नरों का मुख्य धंधा बन गया है, जिसके घर बधाई देने जा रहें हैं, किन्नरों द्वारा ना तो उसकी परिस्थिति देखी जाती है और ना ही उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा का आंकलन और ना ही उसकी श्रृद्धा को महत्व दिया जाता हैं, घर के सदस्य पर दबाव प्रभाव से किन्नरों द्वारा मनमाने रुपयों की मांग करना और मांगे गए रुपए नहीं देने पर जो इनका नंगा नाच शुरू होता हैं।यह मानवीयता को शर्मसार करने वाली हद को भी पार करने से नहीं चुकते है ऐसे हुड़दंगी किन्नरों से निपटने के लिए और किन्नरो के बढ़ते आतंक को खत्म करने के लिए प्रदेश सरकार को भी उत्तरप्रदेश सरकार की तरह आमजन को राहत ओर किन्नरों के खौफ से बचाने के लिए निर्णय लिया जाना चाहिए जैसा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया एक सही निर्णय है जिससे प्रदेश की आम जनता को राहत भी ओर खुश भी है।

किसी घर में मांगलिक कार्य शुभ विवाह हो तो 1100 रुपए नेक बच्चा होने पर 500 रुपया बतौर नेक बधाई,किसी मकान के शुभ मुहूर्त में 500 रुपए नेक एवं तीज त्यौहार होली,राखी,दीपावली पर 50 रूपये बधाई नेक।अगर किसी के घर परिवार में आकर कोई किन्नर या इनका समूह जोर जबरजस्ती करे या अपशब्द कहे,गाली गलौज करे या मारपीट करे तो उसके लिए डायल 100 को विशेष अधिकार दिए जाए ताकि बुलाने पर वह मदद के लिए उपस्थित हो जाए और कानूनी कार्यवाही करे। इससे आम जनता को राहत मिलेगी और किन्नरों के आतंक से मुक्ति भी मिलेगी।

# किसान सहकारी समितियों से कर लें खाद का उठाव, बाद में न हो परेशानी

**खरगोन....मनोज मालविया.....**

.खरगोन जिले की सहकारी समितियों में वर्तमान में भरपुर मात्रा में रासायनिक खाद उपलब्ध है। डीएपी की इस वर्ष भी कमी रहने का अनुमान है, इस कारण डीएपी के अन्य वैकल्पिक खाद 12:32:16, 20:20:0:13, 16:16:16, 15:15:15, नैनो डीएपी आदि का भी पर्याप्त मात्रा में भंडारण सहकारी समितियों में किया गया है। इसका सहकारी समितियों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, किन्तु किसान समय रहते खाद का उठाव करने में रूची नहीं ले रहे है। इस कारण बैंक प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल द्वारा किसानों से अपील की गयी है कि वह अपनी मांग के अनुसार सहकारी समितियों से समय रहते खाद का उठाव कर लेवें। उनके द्वारा खाद




का अग्रिम उठाव नहीं करने के कारण अधिकाशः सहकारी समितियों के गोदाम पुरे भर गये है। इस कारण खरीफ मौसम 2025 की मांग अनुसार खाद का भंडारण करने में कठिनाई हो रही है। यदि किसान समय रहते खाद का अग्रिम उठाव कर लेते है तो उन्हें खरीफ मौसम में सहकारी समितियों से अनवरत रूप से खाद उपलब्ध कराया जा सकेगा।

खरगोन जिले की 128 सहकारी समितियों में इस समय युरिया 3220 मेट्रिक टन, 169 मेट्रिक टन डीएपी, काम्प्लेक्स खाद 9330 मेट्रिक टन, पोटाश 1665 मेट्रिक टन, सुपर फास्फेट 7335 मेट्रिक टन कुल 21718 मेट्रिक टन खाद उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 33566 नैनो युरिया एवं नैनो डीएपी की बोटले उपलब्ध है।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा,485 वीं जयंती हर्षोउल्लास से मनाई

**जुबेर अहमद** धरियावद 9001885006-मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान धरियावद के तत्वाधान में सर्वसमाज की उपस्थिति में महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर में शोभायात्रा निकालकर 485वीं जयंती हर्षोउल्लास से मनाई गयी। इस दौरान राजमहल धरियावद में महाराणा प्रताप की तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किए गई। धरियावद राजमहल के भानुप्रताप सिंह राणावत,ठिकाना पारेल के ठा.सा दिग्विजय सिंह राणावत सहित रावले से नगर शोभायात्रा महाराणा प्रताप जयंती को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निचला बाजार,कोठारी गली,वागड़िया बाजार,कबूतर खाना, रावला चौक,सदर बाजार,पुराना बस



स्टेण्ड,सुभाष पार्क,हनुमान चौराहा होते हुए,तलावडी रोड से होते हुवे पुनः राजमहल पहुंचे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं राजमहल में प्रताप जयंती को लेकर सभा का आयोजन हुआ। सभा कार्यक्रम अध्यक्षता ठाकुर भानुप्रताप सिंह राणावत रहे। मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह राणावत रहे। वि अति.मदन सिंह घटेला,जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा योगेन्द्र सिंह राणावत,युवा अध्यक्ष बाघसिंह चौहान,भारत सिंह,पूर्व विधायक नगराज मीणा, उपजिला सागरमल बोहरा,नरेंद्र पालसिंह राणावत पारेल, धरियावद पुलिस उप अधीक्षक नानालाल सालवी रहे। सभा में सभी वक्ताओं ने महाराणा प्रताप जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। वही शिक्षा पर जोर दिया गया। शिक्षा की दुनिया में टॉप करने वाले छात्र छात्राओ का सम्मान कर प्रशस्तिपत्र दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाया।जिसके लिए धरियावद राजमहल के ठा.भानुप्रताप सिंह राणावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिसके बाद स्नेहभोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्रपाल सिंह राणावत ने किया।

# संगठन बनाओ अभियान' के तहत आगर मालवा रेस्ट हाउस में भीम आर्मी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई



**पंकज कामरिया संवाददाता** आगर मालवा - आगर मालवा जिले में भीम आर्मी की एक दिवसीय समीक्षा भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया के मुख्य आतिथ्य में की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने भीम आर्मी को घर घर पहुंचाने एवं संगठन को मजबूत बनाने के एक एक कार्यकर्ता पदाधिकारी से चर्चा की साथ ही आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय के द्वारा शिक्षा ओर रोजगार एवं पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार बागी ने की। संचालन ओर आभार आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल नेताजी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी संभाग सचिव डॉ जगदीश मालवीय, भीम आर्मी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र बौद्ध आदि भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे

# उदयगढ पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते 490 पेटी शराब कीमती 45 लाख 94 हजार रूपये की जप्त की

## 01 आरोपी गिरफ्तार एवं 10 लाख रूपये कीमती वाहन जप्त

**शुभम् राठौड़** उदयगढ़/अलीराजपुर - पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास ने बताया कि थाना उदयगढ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 29.05.2025 को थाना प्रभारी उदयगढ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे को ग्राम बावडी फाटा पर प्रभात रोड गश्त के समय वाहन चैकिंग के दौरान मुखबीर द्वारा अवैध शराब परिवहन की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना प्रभारी उदयगढ एवं अधीनस्थ टीम के द्वारा वाहन की घेराबंदी हेतु बावडी फाटा पर नाकेबंदी की कार्यवाही की गई । तभी पुलिस टीम को कुछ देर बाद बोरी तरफ से एक आयसर वाहन लाल रंग का आते हुये दिखाई दिया, जिसे उदयगढ पुलिस टीम के द्वारा रोका गया आयसर वाहन का क्रमांक था, जो कि तीरपाल से ढका हुआ था। आयसर वाहन चालक से नाम/पता पूछते वाहन चालक ने अपना नाम शिवनारायण पिता कमल बलाई सितपरिया उम्र 25 वर्ष, निवासी दंगवाडा तहसील बडनगर, जिला उज्जैन का होना बताया। वाहन चालक के साथ आयसर वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में बडी





मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी हुई थी। वाहन चालक से शराब के वैध परमीट के संबंध मे पूछनें पर नहीं होना बताया, जिस पर वाहन चालक व वाहन को थानें पर लाया गया तथा वाहन में रखी शराब की गिनती की गई, जिसमें अंग्रेजी शराब की निम्नलिखित ब्रांड की शराब की पेटियां भरी थी 1.ग्रीन पार्क-219पेटी, 2.रिड्स- 68 पेटियां, 3.रीगल टैलेंड 20 पेटियां, 4.स्टीयरिंग रिजर्व 10 पेटियां, 5.ष्ठस्क ब्लैक 30 पेटियां, 6.जेम्स एमसी गिल 114 पेटियां, 7.सुपर ड्राइजीन 29 पेटियां भरी पाई गई है। इस प्रकार आयसर वाहन में कुल 490 पेटियों में 4388.76 बल्क लीटर शराब, जिसकी कीमत करीबन 45 लाख 94 हजार रुपए है तथा वाहन की कीमत 10 लाख रूपये है। उदयगढ पुलिस द्वारा धारा 34(2), 36, 46 आबकारी एक्ट का आरोपी शिवनारायण पिता कमल बलाई सितपरिया उम्र 25 वर्ष, निवासी दंगवाडा तहसील बडनगर, जिला उज्जैन के विरूद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि अलीराजपुर पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। जिले मे अबतक कुल 562 प्रकरणों में 56435 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 2 करोड 30 लाख रूपये की जप्त की जा चुकी है तथा अवैध शराब परिवहन में करीबन 1 करोड 45 लाख रूपये के वाहन भी जप्त किये गये हैं।

# भगवानपुरा ब्लॉक के शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य की ट्रेनिंग दी

**खरगोन...मनोज मालविया....29 मई** को डाइट कार्यालय खरगोन में भगवानपुरा विकासखंड के शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर का आयोजन शुभ योग फैमिली इंटरनेशनल योगा स्कूल द्वारा किया गया। शिविर में योग शिक्षक शुभम पाटीदार द्वारा शिक्षकों को सुखी जीवन जीने के तीन सरल अभ्यास बताए गए। उन्होंने मुस्कान , कृतज्ञता और प्रशंसा के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही यह भी समझाया गया कि इन अभ्यासों को जीवन की दिनचर्या में शामिल करने से व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ, सकारात्मक और आनंदमय रहता है। प्रशिक्षण के दौरान विचारों के महत्व को भी विशेष



रूप से रेखांकित किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही व्यक्ति के कर्म होते हैं, और हमारे विचार ही हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं। सकारात्मक विचारों से सकारात्मक जीवन का निर्माण होता है। सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अनुभव साझा किया कि ये अभ्यास न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करते हैं, बल्कि कक्षा में भी सकारात्मक वातावरण निर्माण करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने इन अभ्यासों को निष्ठावान रूप से अपनाने का संकल्प लिया।

### चैक अनादरण के प्रकरण में, कुक्षी न्यायालय द्वारा गणपुर निवासी अर्चना पति दिनेश पाटीदार को दोषमुक्त (बरी) किया।

**नरेश राठौड़ कुक्षी-** कडमाल निवासी सुदामा पिता बुदाजी पाटीदार द्वारा, कुक्षी न्यायालय में अर्चना पाटीदार के विरुद्ध एक चैक अनादरण का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। सुदामा पाटीदार अपने इस प्रकरण को प्रमाणित करने में असफल रहा होने से, न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुक्षी द्वारा अर्चना पाटीदार को दोषमुक्त (बरी) किया । अर्चना पाटीदार की ओर से न्यायालय में पैरवी अधिवक्ता देवेश पाटीदार कुक्षी द्वारा की गई।

# डॉ बाबासाहेब अबेडकर जी के गेट परिसर के पास हो सकता है बड़ा हदसा गेट में आ रहा था करंट और अंदर की लाइट भी बंद



**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर,बड़ा पोस्ट ऑफिस स्थित संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा स्थित इंट्री गेट के सामने लाइट कनेक्शन की डीपी पिछले कई दिनों से हवा तूफान के चलते रास्ते में पड़ी हुई है, परंतु इस ओर किसी का ध्यान बिल्कुल भी नहीं होने के कारण यह बड़ी घटना को अंजाम दे सकती हैं। दत्तू मेढे जब मार्केट की ओर जा रहे थे तो उनकी अचानक ध्यान उस तरफ गई। वहां देखा गया कि गेट में करंट आ रहा है,उसकी सूचना नगर निगम इंजीनियर गोपाल महाजन को दी गई। जल्द से जल्द रिपेयर करने को कहा पिछले तीन दिन से यह ऐसी अवस्था में पड़ी हुई थी । ठेले वालों ने सूचना देने के बाद भी किसीने वहां आकर नहीं देखा । डीपी के केबल कटा होने के करण गेट में आ रहा था करंट। और लाइट भी बंद हो गई थी।सूचना के दौरान रिपेयर करने का कहा गया।

# 2 म.प्र.बटालियन एनसीसी का सीएटीसी कैम्प प्रारम्भ



2 म.प्र. एनसीसी, उज्जैन का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, स्कूल आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, विक्रम विश्वविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हुआ। कैम्प कमाण्डेंट लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा ने मीडिया को बताया कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 21 शैक्षणिक संस्थानों के 451 छात्र सैनिक पंजीकृत हुए।

# अलीराजपुर को मिला लॉन टेनिस कोर्ट की सौगात शासन ने दी प्रशासकीय स्वीकृति

संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर - पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास द्वारा जानकारी दी गई कि विगत समय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग अलीराजपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक के माध्यम से लॉन टेनिस कोर्ट निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भोपाल को प्रेषित किया गया था। उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जिला अलीराजपुर में लॉन टेनिस कोर्ट निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह कोर्ट फतेह स्पोर्ट्स क्लब, पुराना जिला पंचायत परिसर, अलीराजपुर में निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। पुलिस अधीक्षक श्री व्यास ने इसे जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सौगात मुख्यमंत्री म0प्र0शासन डॉ. मोहन यादव एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग द्वारा अलीराजपुर के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई है। लॉन टेनिस में रुचि रखने वाले जिले के युवा अब स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाओं का लाभ उठाकर इस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। इससे अधिक से अधिक युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक श्री व्यास ने सभी खेल प्रेमियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा बताया कि लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालिका को जिला सिल्लोड महाराष्ट्र से किया दस्तयाब




**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुरः- मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा समस्त जिलों मे मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक/बालिग बालक/बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तयाबी की जाने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक राहुल कांबले थाना प्रभारी निंबोला चौकी प्रभारी धूलकोट कमल मोरे के नेतृत्व में टीम गठित कि गई।दिनांक 15/02/2025 को थाना निंबोला पर फरियादी लाल सिंह नंदू पिता माल सिंह द्वारा रिपोर्ट की गई थी मेरी लड़की बिना बताए कहीं चली गई है रिपोर्ट पर थाना निंबोला में अपराध क्रमांक 140/25 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर टीम के द्वारा दिनांक 28/05/2025 को अपहृता बालिका को ग्राम अंबा बिलोरी सिल्लोड महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया, अपहृता बालिका को उसके पिता लाल सिंह के सुपुर्द किया गया।सराहनीय भूमिका*उप. निरीक्षक राहुल कांबले, उप.निरीक्षक.कमल मोरे,प्रधान आरक्षण 398 इमरान खान, आरक्षक 524 जितेंद्र की सराहनी भूमिका रही।

# जयमाला दीदी की कथा सुनने के लिए जन सेलाब उमड़पड़ा सवाल यह है कि आज का युवा कैसा हो?







राजू पटेल कुकड़ेश्वर- अरावली पर्वत पर मां शेरावाली के दरबार में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान के वक्त भागवत प्रवक्ता जयमाला वैष्णव दीदी ने पत्रकार राजू पटेल को बताया पंचम दिवस की कथा श्री मद् भागवत भागवत प्रवक्ता जयमाला दिदी वैष्णव ने कहा मुझे लगता है कि जिसके आचार एवं व्यवहार में आध्यात्मिकता हो। कर्म में उद्यमशीलता हो तथा कार्यान्वयन ( E&ecution ) पूरी तरह से आधुनिक एवं वैज्ञानिक आधार पर टिका हो। हम अक्सर पूर्ण व्यक्तित्व की बात कहते और सुनते हैं। सच्चाई यह है कि आजतक पूर्ण व्यक्तित्व i.e Complete Personality को सिर्फ एक ही शख्स ने धारण किया और वो हैं हमारे जीनियसों के जीनियस योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण। इन दोनों चीजों को चर्चा में Sync करने का भगवद्गीता समूह का प्रयास आज के परिप्रेक्ष्य में है।

आज के समय में पूर्ण व्यक्तित्व से हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि वह व्यक्तित्व जो जीवन के हर पक्ष, हर काल में अपना कर्म, अपना विचार एवं इन सबका प्रबंधन ( Management ) बिल्कुल बिना चूक तथा बिना किसी गतिरोध के सफलतापूर्वक एवं दृढ़ता पूर्वक संपादित करे। इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण इस ब्रह्मांड के Best Manager & best General रहे हैं। चाहे शांतिकाल हो अथवा युद्धकाल। उनकी नीति एवं नीतिगत कदम अभूतपूर्व तथा अविश्वसनीय हैं। लक्ष्य को आध्यात्म और कूटनीति से कैसे हासिल किया जाता है। उसे श्रीकृष्ण ने ही एक योग के रूप में प्रतिपादित किया जिसे कर्मयोग कहा गया। कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया उस कर्मयोग के अनुपम संकलन श्रीमद्भगवद्गीता को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन पुस्तक मानती है। और शायद वो सब कुछ जो हम अपने जीवन के हर क्षेत्र में कल्पना कर सकते हैं। उस कल्पनाशीलता का जवाब है श्रीमद्भगवद्गीता में और सब कुछ एक तश्तरी में जो परोस कर दे सके। उस प्रबंधन को संकलित करने वाला ही होता है एक पूर्ण व्यक्तित्व। इसलिए आज अपने जीवन के रणक्षेत्र में जूझते हुए हर भारतीय युवा के जीवनशैली और बेडरूम में श्रीमद्भगवद्गीता अतिआवश्यक है। हमारी अधिकतर समस्या आज के दौर में मानसिक तथा नैतिक है। Success & Stability के भंवरजाल में जुझता भारतीय युवा कई बार मानसिक अवसाद, तनाव और दबाव के चलते अपने धर्म और कर्म दोनों को गंवा बैठता है जो राष्ट्रहित में नहीं। श्रीकृष्ण शायद द्वापर में कलियुग के इस दुष्प्रभाव को देख चुके थे, इसलिए उन्होंने हमें अग्रिम तौर पर श्रीमद्भागवत रुपी अमृत कलश दिया। सरकार को भी चाहिए कि स्कूल से ही श्रीमद्भगवद्गीता को अनिवार्य रुप से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि हर युवा अपने आप को प्रथम चरण से ही मानसिक, शारीरिक तथा चारित्रिक रूप से पूर्णता की तरफ विकसित करे।

# विधायक ने किया भूमिपूजन

## अमृत 02 योजना अंतर्गत होगा चंद्रकेशर नदी घाट का सौंदर्यीकरण



कांटाफोड़ जितु सिंगी - बुधवार को क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने अमृत 02 योजना अंतर्गत चंद्रकेशर नदी घाट का सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया सत्यनारायण तिवारी बंधु सुशील पसारी श्रीनिवास तिवारी संतोष चौबे हरीश पाराशर कैलाश बियाणी राजेश मालवीया मुख्य नगर परिषद अधिकारी मुकेश चौबे सहित पार्षद तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ मुकेश चौबे ने बताया की 23 लाख 21 हजार रुपये की लागत से चंद्रकेशर नदी घाट का सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा

# मुल्लांपुर में प्लेऑफ मैच से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद, पंजाब पुलिस को हाई अलर्ट पर

आईपीएल 2025 का मौजूदा सत्र रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। लीग चरण खत्म हो चुका है और गुरुवार यानी कल से प्लेऑफ की शुरुआत होगी। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शीर्ष-दो पर रहकर क्वालिफायर-1 में प्रवेश किया है जबकि गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस अंक तालिका में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। अब दोनों के बीच 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए पंजाब पुलिस ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए हैं।

**सुरक्षा को लेकर पंजाब पुलिस सतर्क** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के बाद सुरक्षा कारणों से आईपीएल के क्वालिफायर एक और एलिमिनेटर पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मुल्लांपुर में गुरुवार को क्वालिफायर-1 और शुक्रवार को एलिमिनेटर का आयोजन होगा जबकि क्वालिफायर-2 और फाइनल क्रमशः एक और तीन जून को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

**65 पुलिस अधिकारी और 2500 से अधिक जवान होंगे तैनात** पंजाब के



विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने कहा, मुल्लांपुर स्टेडियम में कल और परसों दो बहुत महत्वपूर्ण मैच हैं। एक क्वालिफायर और एक एलिमिनेटर है। भारत के कोने-कोने से लोग आ रहे हैं। लोगों में काफी उत्साह है। हमने स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। आज इसकी समीक्षा की जा रही है। हमारे पुलिस बल में करीब 65 अधिकारी और 2500 से अधिक जवान तैनात हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां आने वालों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। वहीं सुरक्षा के उपाय भी बहुत सख्त होंगे। कल हमने मॉकड्रिल की रिहर्सल की थी। आज भी पुलिस बल मॉकड्रिल की रिहर्सल कर रही है।

**आईपीएल के कार्यक्रम में हुआ था फेरबदल** 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था जिसमें 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसका जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की थी और उनके नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसके बाद आईपीएल के कार्यक्रम में फेरबदल करना पड़ा था।

# कोहली ने डब्ल्यूबीएल में निवेश किया

## कहा- मैंने 11 साल की उम्र में बॉलिंग खेलना शुरू किया



**स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को बुधवार को विश्व बॉलिंग लीग (डब्ल्यूबीएल) में रणनीतिक निवेशक घोषित किया गया। विश्व बॉलिंग लीग ने हाल ही में एमएलबी सुपरस्टार और तीन बार की विश्व सीरीज चैंपियन मूकी बेट्स की टीम ओएमजी को लीग में पहली फेंचाइजी के रूप में पेश किया।**

**कोहली ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैंने 11 साल की उम्र में बॉलिंग खेलना शुरू किया और 12 साल की उम्र तक गेंद को स्पिन करना सीख गया था। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि यह खेल कितना लोकप्रिय है जबकि इसे व्यावसायिक रूप में कम सराहा जाता है। बॉलिंग को फिर से परिभाषित करने के लिए आदि के मिश्रा का दृष्टिकोण अद्वितीय है और ई1 सीरीज में टीम ब्लू राइजिंग के साथ हमारी सफलता के बाद मैं एक निवेशक और भागीदार के रूप में डब्ल्यूबीएल से जुड़कर रोमांचित हूं।**

# चैंपियनशिप में भारत का जलवा बरकरार, तेजस्विन को नहीं है स्वर्ण चूकने का अफसोस

तेजस्विन शंकर एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथेलॉन में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। डेकाथेलॉन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के गुमी में 7618 अंकों के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 सत्र में कांस्य पदक जीता था।हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक से चूकने का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि वह देश के लिए पोडियम पर जगह बनाने में सफल रहे।

तेजस्विन ने कहा, स्वर्ण और रजत के बीच का अंतर 16.3 सेकेंड है और यह रजत तथा कांस्य के बीच का अंतर भी है। मुझे लगता है कि यह पदक जीतने की कोशिश करने के बारे में अधिक है। यह निश्चित रूप से इस बारे में कम है कि क्या किया जा सकता था, क्या किया जाना चाहिए था। अब तक इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में तीन भारतीयों- विजय सिंह चौहान (1973), सुरेश बाबू (1975) और सबील अली (1981) ने डेकाथेलॉन में स्वर्ण पदक जीते हैं।

अधिकांश समय अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन ने 10 स्पर्धा की प्रतियोगिता में दो व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए। उन्होंने गोला फेंक में 13.79 मीटर और 110 मीटर बाधा दौड़ में 14.58 सेकेंड के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। तेजस्विन ने कहा, पहले दिन शुरुआती दो स्पर्धाओं में मैं मुश्किल में था। मैं संघर्ष कर रहा था और फिर गोला फेंक में मेरे पहले दो थ्रो भी खराब थे लेकिन फिर किसी तरह मैं तीसरे थ्रो में अपनी सारी हिम्मत जुटा पाया।

उन्होंने कहा, मैंने बस कोशिश की और सौभाग्य से, आप जानते हैं कि मैं आगे निकल गया और मैंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी और फिर चीजें बदल गईं। चीजों का बदलने वाला यह पल सिर्फ अच्छे थ्रो से ही नहीं बल्कि वार्म-अप के दौरान खेल भावना और धैर्य के एक पल से आया।



रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने तीन मिनट 18.12 सेकेंड का समय निकालकर अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा और भारतीय एथलेटिक्स संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने कहा कि यह प्रदर्शन दर्शाता है कि भारत में पर्याप्त प्रतिभा है।

उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से पुनर्गठित टीम नहीं है। रूपल और सुभा पिछली टीम में थे। संतोष रिजर्व में थे। इसलिए यह नए और पुराने का मिश्रण है। हमें भविष्य की ओर देखने की जरूरत है, हमें अतीत को भूलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष सुमारिवाला ने कहा, इस टीम ने दिखाया है कि हमारे पास अच्छा रिजर्व पूल है, हम मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना खिताब बरकरार रखा। रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 18.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूपल ने बुधवार को ही व्यक्तिगत महिला 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। सुभा 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित टीम का भी हिस्सा थी। चीन की टीम तीन मिनट 20.52 सेकेंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही, जबकि श्रीलंका ने तीन मिनट 21.95 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता।

प्रवीण चित्रावेल ने पुरुष त्रिकूद में 16.90 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। इससे पहले रूपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते जबकि यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक अपने नाम किया।

मिश्रित रिले टीम का स्वर्ण प्रतियोगिता में भारत का दूसरा सोने का तमगा है। इससे पहले मंगलवार को गुलवीर सिंह (10,000 मीटर) ने भी स्वर्ण पदक जीता था।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में मजबूती सेंसेक्स और निफ्टी को बढ़त

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने हुए नजर आ रहे थे?। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, इंफोसिस और एटरनल के शेयर



1.58 प्रतिशत से लेकर 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, जियो फाइनेंशियल, बजाज फाइनेंस, अपोलो हॉस्पिटल और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 1.15 प्रतिशत से लेकर 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,438 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,374 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,064 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 278.71 अंक की मजबूती के साथ 81,591.03 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक पहले 5 मिनट में ही उछल कर 81,816.89 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 81,436.89 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवालों ने एक बार फिर खरीदारी का जोर बनाया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आने लगी।

# बीएटी ने आईटीसी में बेची अपनी 2.3% हिस्सेदारी, 11613 करोड़ रुपये में हुआ सौदा, शेयर 5% तक टूटे

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी ने भारतीय तंबाकू कंपनी आईटीसी में अपनी 2.3% हिस्सेदारी बेच दी है। ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको (बीएटी) कंपनी ने ब्लॉक डील के जरिए 2.3% की हिस्सेदारी लगभग 1.36 अरब डॉलर में बेची है। जिससे उसे 11,613 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएटी ने अपनी शाखा टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के जरिए यह सौदा किया। इस समझौते के बाद आईटीसी के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी द्वारा 11,613 करोड़ रुपये (1.36 अरब अमेरिकी डॉलर) के ब्लॉक डील के जरिये आईटीसी में अपनी हिस्सेदारी 2.3 प्रतिशत घटाने के बाद आईटीसी के शेयरों में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 4.33 प्रतिशत गिरकर 415.10 रुपए पर आ गया। एनएसई में यह 4.81 प्रतिशत गिरकर 413 रुपए पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स कंपनियों में यह शेयर सबसे अधिक पिछड़ गया। इस लेनदेन से पहले बीएटी अपने सहयोगियों, रोथमैन इंटरनेशनल एंटरप्राइजेज, माइडलटन इन्वेस्टमेंट कंपनी और टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के जरिए आईटीसी लिमिटेड में संयुक्त रूप से 25.44 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता था। ब्लॉक डील के अनुसार,आईटीसी के 29 करोड़ इक्विटी शेयर 400 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर बेचे गए। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को घरेलू बाजार पर आईटीसी के शेयरों की क्लोजिंग प्राइस 433.90 रुपये प्रति शेयर की तुलना में यह 7.8 प्रतिशत कम है। लंदन स्टॉक एक्सचेंज में नियामक फाइलिंग में, बीएटी ने बताया था कि वह पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड में जारी साधारण शेयर पूंजी का 2.3 प्रतिशत बेचने की इच्छा रखती है। माना जा रहा है कि यह डील बीएटी को वित्तीय लचीलापन प्रदान करेगा। बिक्री से मिले पैसों का कंपनी बदलाव, ऋण शोधन और स्थायी शेयरधारक रिटर्न में निवेश जुड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में करेगा।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1।0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 9।14826006, 8643056464, 9।15154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)